एक नजर

जिलाधिकारी ने ई.वी.एम./वी.वी.पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर लिया जायजा

श्रावस्ती। भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र., लखनऊ के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में स्थित ई.वी.एम./वी.वी.पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिल.वी.पैट की सतत् निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने तथा सीसीटीवी कवरेज के डी.वी.आर. के सतत् संचालन व रिकार्डिंग सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिये है। इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट ललित कुमार, उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, सपा से जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव, कांग्रेस के यशोदा नन्दन शर्मा सहित निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

एसएसबी के जवानो ने रेस्क्यू कर बचायी दो युवको की जान

श्रावस्ती। बीते सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में सशस्त्र सीमा बल भिनगा के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए बोलेरो में फंसे दो युवकों की जान बचाई। रात करीब 12ः45 बजे ऋक्क-ढ्ढ्ढ और ऋक्क-ढ्ढढ्ढ के बीच एक बोलेरो अनियंत्रित होकर सीमा पर लगी फेंसिंग से टकरा गई। हादसे में करीब पांच से छह सीमेंट के खंभे और उनके बीच लगी फेंसिंग क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के समय बोलेरो में सवार सुशील कुमार (26) और पिंटू (24), निवासी सिसवा गद्दीपुरवा, पोस्ट हरिहरपुर रानी, वाहन में फंस गए थे। सूचना मिलते ही गश्त पर तैनात आरक्षी (सामान्य) पाटिल प्रशांत और नारायण मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद बोलेरो पानी में फंस गई थी, जिसे भी जवानों की मदद से बाहर निकलवाया गया। राहत की बात रही कि दोनों युवकों को चोट नहीं आई ।रेस्क्यू के दौरान सहायक उपनिरीक्षक (संचार) इमाम सिद्दीकी और मुख्य आरक्षी (सामान्य) राजू कटरेला भी मौजूद रहे। जवानों की सूझबूझ और तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। उनके इस कार्य की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

गायब मोटरसाइकिल तीसरे दिन सड़क किनारे मिली


गिरंट बाजार श्रावस्ती । थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र में बभनपुरवा निवासी सिराज खान पुत्र इंसान खान 14 नवंबर को गिरंट के पास शनिवार को लगने वाली सप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने के गए थे। वहीं से सिराज की मोटरसाइकिल गायब हो थी। जिसकी सूचना पीड़ित ने स्थानीय थाना में दी थी। पुलिस एक्शन को देखते हुए चोर ने चोरी की मोटरसाइकिल गिरंट थाने से तीन किलोमीटर दूर बभनपुरवा बरगदही मार्ग से लम्बुइया गांव जाने वाले कच्चे रास्ते पर खड़ी करके फरार हो गया । बरगदही गांव के लोग सुबह अपने खेतों में गेंहू का जमाव देखने के लिए खेत में गये हुए थे तभी सड़क पर मोटरसाइकिल खड़ी देखी धीरे धीरे भीड़ इकट्ठा होने लगी तब तक मोटरसाइकिल मिलने की सूचना पुलिस को हुई तो वह मौके पर पहुंच गये। मोटरसाइकिल लेकर थाने पर लेकर चले गये।

प्राथमिक विद्यालय बक्शी गांव प्रथम में शिक्षण संकुल की बैठक संपन्न, शैक्षणिक गुणवत्ता पर हुई चर्चा



रुपईडीहा (बहराइच)। ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बक्शी गांव प्रथम में शिक्षण संकुल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षण संकुल धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने की।बैठक में एआरपी शैलेंद्र कुमार, केआरपी अमित कुमार एवं डॉ. जितेंद्र वर्मा सहित शिक्षक नीरज कुमार, पवन कुमार, संदीप, अनुज कुमार, रामनरेश यादव, राजेश कुमार, मोहम्मद कौसर, प्रदीप सिंह, लीला कौशल, रजनी, राजेश मिश्रा एवं मोइनुद्दीन मोहम्मद फहद उपस्थित रहे।बैठक के दौरान विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों की नियमितता एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा की गई। इसके साथ ही बच्चों को दिए जाने वाले गृहकार्य, शिक्षण कार्य की प्रभावशीलता तथा विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाने के विभिन्न उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

भीटी और जलालपुर तहसील में बनेंगे निरीक्षण भवन, शासन ने दी मंजूरी



अम्बेडकरनगर। जनपद के विकास को एक और महत्वपूर्ण सौगात मिली है। जिले की भीटी और जलालपुर तहसील मुख्यालय पर निरीक्षण भवन सर्किट हाउस के निर्माण को शासन की ओर से स्वीकृति प्रदान की गई है। दोनों भवनों के निर्माण पर कुल 3.77 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें तहसील भीटी के निरीक्षण भवन के लिए 1ण्88 करोड़ रुपये तथा तहसील जलालपुर के लिए 1.89 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत निर्धारित की गई है।इस महत्वपूर्ण सौगात पर विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन निरीक्षण भवनों के निर्माण से जनपद में प्रशासनिक कार्यों को गति मिलेगी और सरकारी बैठकों के बेहतर संचालन में सहूलियत होगी।

निरीक्षण भवनों के निर्माण से तहसील मुख्यालयों पर आने वाले अधिकारियों एवं जनपद के दौरे पर पहुंचने वाले अतिथियों के ठहरने की समुचित व्यवस्था भी उपलब्ध हो सकेगी। इससे न केवल प्रशासनिक सुविधाओं का विस्तार होगाए बल्कि जिले के विकास कार्यों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

तहसीलदारों के बड़े पैमाने पर तबादले अम्बेडकरनगर में भी बदले चेहरे

अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश शासन स्तर से तहसीलदारों के बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों से प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। इस फेरबदल में अम्बेडकरनगर जिले के दो तहसीलदारों का भी स्थानांतरण किया गया हैए जबकि उनके स्थान पर दूसरे जनपदों से दो नए अधिकारियों की तैनाती हुई है।

जानकारी के अनुसारए जिले में तैनात तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव को बांदा और संतोष कुमार को अयोध्या भेजा गया है।वहींए बांदा जनपद से तहसीलदार राधेश्याम सिंह और फतेहपुर से तहसीलदार अचलेश सिंह को अम्बेडकरनगर में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों के इस फेरबदल से जिले के राजस्व विभाग में कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों में बदलाव देखने को मिलेगा।

तहसीलदारों के कंधों पर भूमि विवाद नामांतरण वरासत पैमाइश राजस्व अभिलेखों के रखरखाव और जनशिकायतों के निस्तारण जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां होती हैं। ऐसे में नवागत अधिकारियों के सामने लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने और आम जनता को समयबद्ध न्याय दिलाने की चुनौती होगी।शासन के इस प्रशासनिक फेरबदल के बाद अब जिलेवासियों की निगाहें नए तहसीलदारों की कार्यशैली पर टिकी हैं। उम्मीद है कि नए अधिकारियों की तैनाती से राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी और आम लोगों को तहसील स्तर पर होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी।

सड़कों पर निराश्रित गोवंश मिले तो संबंधित अधिकारियों की तय होगी जिम्मेदारी

डीएम ने शीतलहर से बचाव के लिए गौशालाओं में चारा, पानी और उपचार के पुख्ता इंतजाम करने को कहा



गोंडा। सड़कों पर निराश्रित गोवंशों का विचरण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस क्षेत्र में सड़क पर निराश्रित गोवंश दिखाई दें, वहां के संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जिम्मेदार अधिकारी तत्काल उन्हें नजदीकी गौशाला में संरक्षित कराएं। गोवंश को लावारिस छोड़ने वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाए। यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में गो सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सिंगर ने दिए।बैठक में उन्होंने गौशालाओं की व्यवस्थाओं पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कहा कि गौशालाओं में उपलब्ध खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामान की गुणवत्ता के साथ उनकी एक्सपायरी तिथि की भी जांच की जाए। गोवंशों के लिए पर्याप्त हरा चारा, स्वच्छ पेयजल और समुचित देखभाल की व्यवस्था होनी चाहिए। प्रत्येक गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा बीमार पशुओं के उपचार, दवाओं की उपलब्धता और खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाए।जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने गो सेवा आयोग के सदस्य का आभार व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी शीतलहर को देखते हुए गोवंशों के बचाव की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। गौशालाओं में ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। पशुओं के लिए चारा, स्वच्छ पानी और आवश्यक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि गौशालाओं की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारी नियमित निगरानी करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें।समीक्षा बैठक से पहले गो सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सिंगर ने जनपद की दो गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इनमें छपिया विकासखंड की गौशाला तेंदुआ रानीपुर तथा बभनजोत विकासखंड की गौशाला दौलतपुर शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, खानपान, स्वास्थ्य और उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोवंश संरक्षण का कार्य पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए तथा शासन की मंशा के अनुरूप सभी गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों।बैठक में डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बहराइच- ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार तीन रिश्तेदारों की मौत

बहराइच। यूपी में बहराइच के फखरपुर में दुकान जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सोमवार सुबह टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गई। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। तीनों मृतक आपस में रिश्तेदार थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

रिसिया थाना के जमाल टेपरा गांव निवासी रामकिशुन (18), मुकेश (23) और रामू (25) एक ही बाइक से घर से निकले थे। रामू के भाई रमेश ने बताया कि तीनों फखरपुर में संचालित साइकिल की दुकान जा रहे थे। गांव के चौपाल सागर के पास हाईवे पर उनकी बाइक को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।हाईवे चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ने दो घायलों को एंबुलेंस और एक को ऑटो से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां तैनात चिकित्सक डॉ. राजेश सोनकर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों के पास मिले मोबाइल फोन से परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग रोते-बिलखते अस्पताल पहुंचे। बाइक सवार तीनों युवक हेलमेट नहीं लगाए हुए थे।एएसपी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष दिवाकर तिवारी मामले की जांच कर रहे हैं। दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर-ट्रॉली की तलाश की जा रही है।

एक नजर

गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की आमने-सामने टक्कर, किशोर की मौत, दो युवक गंभीर

कटरा शिवदयाल गंज गोंडा। क्षेत्र के पटपरगंज रोड स्थित ज्वाला रानी मंदिर के पास रविवार रात करीब 10 बजे गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक बाइक की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर किसी डीजे का काम देखकर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में ज्वाला रानी मंदिर के समीप सामने से आ रही गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक टकरा गई।

दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नवाबगंज ले जाया गया।अस्पताल में डॉक्टरों ने 15 वर्षीय अमरजीत पुत्र प्रकाश को मृत घोषित कर दिया जबकि सूरज पुत्र राजाराम (24 वर्ष) और कमलेश पुत्र घनश्याम (25 वर्ष) की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मृतक अमरजीत और घायल सूरज जैतपुर के खेमपुर के निवासी हैं, जबकि कमलेश चौबेपुर का रहने वाला है।मामले में थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। मृतक अमरजीत के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जबकि दोनों घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

गुरुकुलोत्थान सेवा संस्थान का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न



करनैलगंज, गोण्डा। गुरुकुलोत्थान सेवा संस्थान (गुरुकुल) का वार्षिकोत्सव श्री जनकपुरी मंदिर में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः यज्ञ हवन से हुआ जिसमें गुरुकुल के संचालक और नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों के साथ गुरुकुल के सभी कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके पश्चात मेहंदी प्रतियोगिता और गुरुकुल के बच्चों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न हुई। तत्पश्चात गुरुकुल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, शिव तांडव पाठ आदि प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि बनारस हिंदू कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर(योग) माहिम तिवारी का मार्मिक संबोधन सभी बच्चों को प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि आज के समय में ऐसे छोटे-छोटे गुरुकुल की महती आवश्यकता है जो समाज को आधुनिकता के साथ-साथ अपनी सनातन संस्कृति की पहचान भी कराते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के समय में जो युवा वर्ग अपनी पहचान को भूले हुए हैं उनके लिए ऐसे गुरुकुल सामाजिक भूमिका का कार्य कर रहे हैं। माहिम तिवारी और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सभी प्रतियोगी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

इस अवसर पर नपाप अध्यक्ष के सुपुत्र अनोखेलाल मोदनवाल और उनकी पत्नी बीना मोदनवाल, अशोक सिंघानिया, अवधेश सिंघानिया (पट्टू भैया), बाल गोपाल, रामबाबू रस्तोगी, कन्हैयालाल वर्मा, अनिल गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष जूली सोनी आदि सहित गुरुकुल के सभी विद्यार्थियों के परिवार के साथ नगर के बहुत से परिवार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के समापन पर गुरुकुल संचालक विशाल गुप्ता ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

पराली जलाने पर 30 हजार रुपये तक लगेगा जुर्माना, जागरूकता अभियान शुरू



अम्बेडकरनगर। खेतों में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए सोमवार को जिलेभर में जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद एवं जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने प्रचार.प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन सभी विकासखंडों में भ्रमण कर किसानों को ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से फसल अवशेष न जलाने तथा उसके उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक करेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पराली जलाना दंडनीय अपराध है। इसके तहत दो एकड़ से कम भूमि पर पांच हजार दो से पांच एकड़ तक दस हजार तथा पांच एकड़ से अधिक भूमि पर 30 हजार रुपये तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति वसूलने का प्रावधान है।जिलाधिकारी ने बताया कि चालू वर्ष में अब तक जिले की पांचों तहसीलों में पराली जलाने के मामलों में सात किसानों पर कुल 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। इनमें जलालपुर अकबरपुर और टांडा तहसील के एक.एक तथा भीटी तहसील के तीन किसान शामिल हैं। प्रशासन की ओर से किसानों को चेतावनी दी गई है कि पराली जलाने की पुनरावृत्ति पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा 24 और 26 के तहत कार्रवाई की जाएगी।डीएम ने किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने के बजाय उसका उचित प्रबंधन करें। जिले में सस्पना भीटी स्थित सीबीजी प्लांट तथा विभिन्न एफपीओ के माध्यम से पराली एकत्र करने के लिए केंद्र बनाए गए हैं। पराली एकत्र करने के लिए संपर्क व्यक्ति एवं मोबाइल नंबर इस प्रकार हैं अनुराग ;सीबीजी प्लांटद्ध 7524963655 पिंटू मिश्रा ;एफपीओद्ध 9415116931 खुर्शीद आलम ;एफपीओद्ध 9455127805 सचिन पांडेय ;जलालपुर एवं रामपुर सकरवारीद्ध 6392855187 नवीन कुमार ;कटेहरीद्ध 9569376079 प्रदीप पांडेय ;कटेहरीद्ध 9889918824 शिवशंकर शुक्ल ;अकबरपुरद्ध 8171788511 आदित्य पटेल ;अकबरपुरद्ध 9648108410 जयदीप सिंह ;बरियावनद्ध 7248300013 रामसरन यादव ;मियांवद्ध 7052223227 मालकीत सिंह ;दोस्तपुरद्ध 9997555855 तथा रविंद्र यादव ;कम्हरिया घाटद्ध 9621318701। उप कृषि निदेशक ने बताया कि किसान एफपीओ के माध्यम से पराली गौशालाओं तक पहुंचा सकते हैं। इसके बदले उन्हें गोबर की खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

यातायात माह में 1064 वाहनों का चालान

बहराइच। यातायात माह के तहत जिले में नियमों का उल्लंघन करने पर शनिवार को 1064 वाहनों का चालान किया गया। इन पर कुल 14 लाख 44 हजार 400 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

सबसे अधिक 759 चालान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के किए गए। इस दौरान यातायात पुलिस ने चौराहों और तिराहों पर वाहन चालकों को जागरूक करने के साथ स्कूलों में छात्र-छात्राओं को भी यातायात नियमों की जानकारी दी।

यातायात पुलिस के अनुसार, बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन चलाने पर सात, तेज रफ्तार में 106 और तीन सवारी बैठाकर चलने पर 91 चालान किए गए।

इसके अलावा गलत पार्किंग के 60, गलत नंबर प्लेट के 27 और बिना बीमा वाहन चलाने के सात चालान किए गए।

पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने, नशे में वाहन नहीं चलाने की अपील की है।

जिले को जाम से मिलेगी मुक्ति, आकार लेने लगी रिंग रोड की योजना

पूर्वी बाईपास के लिए 15 गांवों के 324 भूखंडों से होगा 45.545 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण, एनएच अयोध्या ने जारी की अधिसूचना

(डा.जी.सी श्रीवास्तव)

गोंडा। शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में रिंग रोड परियोजना ने रफ्तार पकड़ ली है। पूर्वी आउटर रिंग रोड (बाईपास) के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग खंड, अयोध्या ने भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी कर दी है। 8.5 किलोमीटर लंबे फोरलेन पूर्वी बाईपास के निर्माण के लिए 15 गांवों के 324 भूखंडों से कुल 45.545 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की जाएगी। इसके लिए दो नवंबर को अधिसूचना जारी की गई है।प्रस्तावित पूर्वी बाईपास गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित इंदिरापुर से शुरू होकर तुरकौलिया, भटवलिया, तुर्काडीहा, धनौली, महादेव, सोनी कपूर, सोनी हरलाल, मझवा, मांदे, बहलोलपुर, लक्ष्मणपुर, अमदापारा, गंगापुर और उम्मेदजोत से होते हुए अयोध्या मार्ग से जुड़ेगा। इसके निर्माण से शहर के पूर्वी हिस्से में आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा और बाहरी वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश किए बिना आगे निकलने का रास्ता मिलेगा। **पश्चिमी रिंग रोड के लिए 370 करोड़ का बजट** पूर्वी बाईपास के साथ ही पश्चिमी रिंग रोड परियोजना भी निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रही है। 20.570 किलोमीटर लंबे पश्चिमी रिंग रोड के लिए कर्नलगंज और सदर तहसील के 22 गांवों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। शासन की ओर से परियोजना के लिए 370 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया जा चुका है। जिन किसानों की भूमि अधिग्रहीत की जानी है, उन्हें भूमि अधिग्रहण अधिकारी कार्यालय से प्रतिकर संबंधी नोटिस भेजे जाने लगे हैं। नोटिस की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जमीन की रजिस्ट्री कराई जाएगी। **अधिसूचना के बाद भूमि का विवरण होगा चिह्नित** भूमि अधिग्रहण अधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा ने बताया कि रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। पश्चिमी हिस्से में अधिग्रहण की कार्रवाई अंतिम दौर में है, जबकि पूर्वी हिस्से के लिए भी प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होने के बाद पूर्वी बाईपास के दायरे में आने वाली भूमि की प्रकृति और उसके स्वामियों का विवरण चिह्नित करने की कार्रवाई की जाएगी। **दोनों रिंग रोड बनने से शहर के भीतर घटेगा वाहनों का दबाव** दोनों रिंग रोड का निर्माण पूरा होने के बाद बाहर से आने-जाने वाले वाहनों को शहर के भीतरी मार्गों से होकर गुजरने की मजबूरी नहीं रहेगी। भारी और अन्य बाहरी वाहन शहर के बाहर से ही अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। इससे शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा, आवागमन सुगम बनेगा और आए दिन लगने वाले जाम से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

पोखरों पर श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व, उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने किया पारण

नगर पंचायत की देखरेख में घाटों की साफ-सफाई, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किए गए विशेष इंतजाम



(मो.आलम /सुखदेव)

तुलसीपुर, बलरामपुर। लोक आस्था, पवित्रता, त्याग और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हो गया। सोमवार की भोर में व्रती महिलाओं ने उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु एवं खुशहाली की कामना के साथ कठिन निर्जला व्रत का पारण किया। इस अवसर पर नगर के प्रसिद्ध गया प्रसाद पोखरे सहित विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा नगर छठी मइया की भक्ति में सराबोर नजर आया।छठ महापर्व के मद्देनजर गया प्रसाद पोखरे पुरानी बाजार पोखरे देवीपाटन पोखरे एवं अन्य घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी झालरों, विद्युत सजावट और पूजा की विशेष व्यवस्थाओं ने पूरे परिसर को भव्य एवं भक्तिमय स्वरूप प्रदान किया। शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाएं पारंपरिक सूप, फल, गन्ना, नारियल, ठेकुआ सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से सजे दउरा बैंड बाजो के साथ घाटों पर पहुंचीं। विधि-विधान से भगवान सूर्य एवं छठी मइया की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। भोर पहर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान छठी मइया के पारंपरिक गीतों और जयकारों से वातावरण गूंज उठा।छठ महापर्व को सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कहकंशा फिरोज एवं उनके प्रतिनिधि अदनान फिरोज की विशेष सक्रियता देखने को मिली। नगर के सभी पोखरों एवं छठ घाटों की साफ-सफाई, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और सुंदरता को निखारने के लिए नगर पंचायत की ओर से विशेष प्रयास किए गए। अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी तथा स्थानीय निकाय के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। वहीं अध्यक्ष श्रीमती कहकंशा फिरोज भी प्रतिदिन घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेती रहीं और छठ व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करती रहीं। नगर पंचायत के कर्मचारी भी लगातार चारों दिन पूरी तत्परता और मनोयोग से व्यवस्थाओं में जुटे रहे।इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री राहुल सोनी कक्कू ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था और सूर्य उपासना से जुड़ा ऐसा पावन पर्व है, जो हमारी सनातन संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक विरासत का प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, अनुशासन, त्याग, तपस्या और परिवार की मंगलकामना का संदेश देता है।पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा एवं सहयोग के लिए विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। वार्ड सभासदगण विवेक मोदनवाल, रामदयाल सोनी, विजय प्रताप सोनी, चंद्रमणि तिवारी, अरशद निजामुद्दीन, सूरज मोदनवाल, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार लाठ, जतिन शुभम रिंकू आकाश हर्षिल प्रशांत संजय गुरुकुल, अमित कसौधन, सुशांत मोदनवाल, कमल देव आर्य, शिवम सोनी, रजत सोनी एवं रिंकू वर्मा सहित अन्य लोगों ने सेवा कार्यों में सहयोग किया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह भोर पहर से ही महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ घाटों पर मुस्तैद रहे। पर्व के समापन तक पुलिस टीम की मौजूदगी से श्रद्धालुओं को सुरक्षा एवं व्यवस्था का भरोसा मिला।छठ महापर्व का समापन धार्मिक आस्था, सामाजिक सहभागिता और आपसी भाईचारे का सुंदर संदेश देकर हुआ। घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सामूहिक पूजा-अर्चना और सेवा भाव ने एक बार फिर तुलसीपुर की गंगा-जमुनी तहजीब एवं सामाजिक सौहार्द की झलक प्रस्तुत की।